श्री सभापति : : दिल्ली में सप्लायी बढा दें ।

श्री बलराम जाखड़ : : हां, दिल्ली में सप्लायी तभी बढेगी जब गांवों में दूध पढेगा । । सर, दिल्ली में तो दूध बढने से रहा । दिल्ली में दूध लाना पडेगा और उसके लिए कोशिश करेंगे ।

श्री सैयद सिब्ते रजी : एक तो यह चर्चा हो रही है कि दिल्ली मिल्क स्कीम यूनिट अपने रेट्स बढाने जा रही है, दूसरी बात जो माननीय मंत्री जी ने कही कि कोआपरेटिव सोसायटीज को मान्यता दे रहे हैं ...

श्री सभापति : रेट्स का पूछ लो, अब टाइम खत्म हो रहा है ।

श्री सैयद सिब्ते रजी : सर, कोआपरेटिव सोसायटीज के मामले में बडी धांधली हो रही है , बेनामी कोआपरेटिव सोसायटीज चल रही हैं । इसके घोटाले के बारे में आज अखबार में भी है कि सी०बी०आई० इसकी जांच करेगी । इसमें कितना सत्य है, क्या माननीय मंत्री जी बताने का प्रयास करेंगे ?

श्री बलराम जाखड़ : माननीय सभापति जी, आप की बात सुन ली है जो सही कोआपरेटिव सोसायटी होगी उसको अवश्य प्रोत्साहन दिया जाएगा और प्रोत्साहन देने के लिए ही हमने काम किया है कि इसको ज्यादा बढाओ जिससे कि गरीब आदमी तक यह पहुंच सके । जो दूसरा रेट्स है जितना हम किसान को दे पायेंगे किसान पदा करेगा तो वह चाहेगा भी कि उसका घर भी पूरा हो । जो उसका घर पूरा होगा तो हमें भी उसको कुछ देना पडेगा । हम अभी तक सबसिडाइज कर रहे है । परसों मेरे सहयोगी मंत्री जी ने आपको उत्तर दिया था कि साढे 18 करोड रुपए का 30 अक्टूबर का नुकसान है और शायद यही हाल रहा तो 43 करोड रुपए का इस साल में होगा । उसको पूरा करने के लिए भी कोई-नकोई कदम उठायें होगे । उसको हम ठीक ढंग से करेंगे और सहकारिता का पूरा ध्यान रखकर करेंगे ताकि सहकारी सोसायटियों को कोई नुकसान न हो ।

श्री सैयद सिब्ते रजी : क्या सी० बी० आई० जांच कर रही है ?

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Fall in production of Maize

*424. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the production and supply of maize registered a fall during the year 1990-91 and is likely to fall further during the current year; and

(b) if so, what steps are being taken to remedy the situation?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BALRAM JAKHAR): (a) Yes, Sir. The production of maize during the current year i.e. 1991-92 is likely to decline mainly due to moisture stress conditions in the major growing states.

(b) The steps to increase the production of maize in the country are as under:—

(i) a special foodgrain production programme—maize and millets is being implemented to improve the productivity in areas with relatively low yields through propogation of improved technologies. The important components include subsidised distribution of critical inputs such as certified seeds, herbicides, seed treating chemicals, plant protection measures etc.,

(ii) a minikit demonstration programme of maize including propagation of new technology is also under implementation. These demonstrations are organised on farmers' fields for recently released varieties.